C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 5:23 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 6:28 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 125 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 5 नवम्बर 2025

शाहरुख खान ने बेटी सुहाना को...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### स्वास्थ्य केंद्रों में निमोनिया जागरूकता अभियान चलाया

**अल्मोड़ा।** विकासखंड में सभी स्वास्थ्य केंद्रों में निमोनिया जागरूकता अभियान चलाया गया। लोगों को निमोनिया के लक्षणों की पहचान करने और निमोनिया रोकथाम के लिए जानकारी दी गई। मंगलवार को आगनबाड़ी केंद्र उलेनी, धामदेवाल, क्वारोली, जुकानोली आदि केंद्रों पर स्वास्थ्य अभियान चलाया गया।

ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक अतुल सक्सेना से बताया कि पांच साल से कम उम्र के बच्चों में निमोनिया से होने वाली मौतों को कम करना कार्यक्रम का उद्देश्य है। निमोनिया का दौरा आमतौर पर चार चरणों से गुजरता है। इसलिए इसे गंभीरता से लेना जरूरी है। इस दौरान संतोष मठपाल, जयंती सती, दीपा पांडे, हिमानी केड़ा, तूलिका जोशी, भावना विष्ट, आकांक्षा जोशी, सुशीला परिहार आदि मौजूद रहे।

### उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी सम्मान समारोह आठ को

**अल्मोड़ा।** राज्य स्थापना के 25 साल पूरे होने पर आठ नवंबर को जिला मुख्यालय और तहसील स्तर पर उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी सम्मान समारोह आयोजित होगा। समारोह के दौरान राज्य आंदोलनकारियों को प्रशस्ति पत्र और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया जाएगा। जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों का संघर्ष और व्यक्तित्व प्रेरणादायी है, उनका सम्मान हमारे लिए गर्व का विषय है। बैठक में जिले के सभी उप जिलाधिकारियों को वर्चुअल माध्यम से जोड़ा गया। वहां मुख्य विकास अधिकारी रामजीशरण शर्मा, अपर जिलाधिकारी युक्ता मिश्र, जिला विकास अधिकारी संतोष कुमार पंत, एसडीएम सदर संजय कुमार, डीपीओ पीतांबर प्रसाद आदि मौजूद रहे।

## मौसमः बदरीनाथ-केदारनाथ धाम में चारों तरफ बिछी सफेद चादर

देहरादून
हमारे संवाददाता

मौसम विभाग की चेतावनी के बाद प्रदेश में देर रात मौसम ने करवट बदली और बदरीनाथ-केदारनाथ धाम में बर्फबारी शुरू हो गई।

बदरीनाथ धाम में मंगलवार को मौसम के करवट बदलने से देर रात से धाम में बर्फबारी शुरू हो गई। धाम में चारों ओर बर्फ की सफेद चादर बिछ गई है। वहीं, बर्फबारी से धाम में कड़ाके की ठंड हो रही है। वहीं, केदारनाथ धाम में मौसम ने करवट लेते ही एक बार फिर सर्दियों का एहसास करा दिया है। देर रात शुरू हुई बर्फबारी के बाद पूरा केदारनाथ धाम सफेद



चादर में लिपट गया है।

मंदिर परिसर, पैदल मार्ग, और आसपास की पर्वत चोटियां बर्फ से ढक गई हैं, जिससे केदारपुरी का नजारा बेहद मनमोहक और दिव्य दिखाई दे रहा है। यह सीजन की पहली बर्फबारी है, जो 23 अक्तूबर को कपाट बंद होने के बाद हुई है। लगातार बर्फबारी के चलते तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है और क्षेत्र में ठंड का असर बढ़ गया है।

उत्तराखंड के पर्वतीय इलाकों में मंगलवार को हुई हल्की बारिश से तापमान में गिरावट देखने को मिली। उधर मैदानी इलाकों में हवा सर्द होने से सुबह-शाम ठंड का अहसास हुआ। वहीं, आज भी प्रदेश के पर्वतीय जिलों में कुछ इलाकों में हल्की बारिश के साथ ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार उत्तरकाशी, चमोली, बागेश्वर, रुद्रप्रयाग और पिथौरागढ़ जिले के कुछ हिस्सों में पांच नवंबर को हल्की बारिश होने की संभावना है। इन जिलों में चार हजार से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी होने के आसार है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि बारिश व बर्फबारी होने से पर्वतीय जिलों में शीतलहर सुबह व शाम के समय परेशान कर सकती है। हालांकि सात से दस नवंबर तक प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। मंगलवार के तापमान की बात करें तो दून में दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री इजाफे के साथ 28.9 डिग्री और रात का न्यूनतम तापमान भी दो डिग्री बढ़ोतरी के साथ 15 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि पर्वतीय इलाकों में दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री नीचे रहा।

ट्रेन से उतरकर लाइन पार करते समय हुआ हादसा

# दो ट्रेन हादसों में छह श्रद्धालु व लोको पायलट समेत 17 की मौत

नई दिल्ली/मिर्जापुर
हमारे संवाददाता

मिर्जापुर जिले में बुधवार की सुबह दर्दनाक हादसा हुआ। यहां ट्रेन की चपेट में आकर छह लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद शवों के चिथड़े उड़ गए थे। वहीं छत्तीसगढ़ के बिलासपुर रेलवे स्टेशन के पास पैसेंजर ट्रेन (मेमू) व मालगाड़ी की भीषण टक्कर में मरने वालों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है और 20 लोग घायल हैं।

उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले में बुधवार की सुबह दिल दहलाने वाली घटना सामने आई। मिर्जापुर जिले के रेलवे स्टेशन चुनार पर बुधवार की सुबह ट्रेन से उतरकर लाइन पार करते समय कालका मेल की चपेट में आने से छह लोगों की मौत हो गई। हादसे में शव क्षत-विक्षत हो गया। मौके पर पहुंचे जीआरपी और आरपीएफ की टीम ने शवों को रेलवे लाइन से हटवाकर किसी तरह से शिनाख्त कराया। मौके पर अन्य अधिकारी पहुंचे। रेलवे स्टेशन चुनार पर सुबह सवा नौ बजे यात्री गोमो प्रयागराज एक्सप्रेस से उतरकर गलत दिशा से लाइन पार कर रहे थे। उसी समय प्लेटफॉर्म नंबर तीन से गुजर रहे कालका मेल की चपेट में आ



गए। सभी यात्री कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने के लिए आ रहे थे। हादसे के बाद शवों को रेलवे लाइन से हटाकर शिनाख्त कराया गया। इसमें सविता (28) पत्नी राजकुमार निवासी कमरिया थाना राजगढ़, साधना (16) पुत्री विजय शंकर बिंद, शिव कुमारी (12) पुत्री विजय शंकर, अप्पू देवी (20) पुत्री श्याम प्रसाद, सुशीला देवी (60) पत्नी स्व. मोतीलाल निवासी महुआरी थाना पड़री, कलावती देवी (50) पत्नी जनार्दन यादव निवासी बसवा थाना कर्मा सोनभद्र के शवों की शिनाख्त हुई है। अब तक छह लोगों के ट्रेन से कटकर मौत की बात सामने आई है।

### बिलासपुर ट्रेन हादसे में मौत का आंकड़ा बढ़ा

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बुलेटिन के मुताबिक बिलासपुर स्टेशन के समीप दिनांक 04 नवम्बर, 2025 को हुई मालगाड़ी एवं मेमू लोकल के डिरेलमेंट की इस घटना में 11 यात्रियों की मृत्यु एवं 20 यात्री घायल हुए हैं। ट्रेन हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। रेलवे ने इस हादसे की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। बताया जा रहा है कि सिग्नलिंग या रूट डायवर्जन में तकनीकी गड़बड़ी के कारण ट्रेनें एक ही ट्रैक पर आ गई थीं।

## देहरादून में गुरु नानक देव प्रकाश पर्व मनाया, गुरुद्वारे पहुंचे सीएम पुष्कर धामी

देहरादून
हमारे संवाददाता

मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु नानक देव जी ने समाज की बुराइयों को दूर करने के लिए अपने उपदेशों एवं शिक्षा के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज गुरुनानक जयंती और कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर गुरुद्वारा गुरुसिंह सभा रेसकोर्स पहुंचे। सीएम ने गुरुद्वारे में मत्था टेका।

साथ ही मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों व विशेष रूप से सिख समुदाय को हार्दिक शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु नानक देव जी ने समाज की बुराइयों को दूर करने के लिए अपने उपदेशों एवं शिक्षा के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। उनका जीवन हमें समाज में भाईचारा, सद्भाव और आपसी एकता को बढ़ावा देने की प्रेरणा देता है।

### रजत जयंती महोत्सवः दून में प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन का आयोजन

उत्तराखंड राज्य स्थापना रजत जयंती के अवसर पर प्रदेश में दूसरे प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन में सीएम धामी भी शामिल हुए।



## 2017 के पहले डीजीपी आवास के सामने माफिया कोठियां बनवाते थे, अब प्रदेश मुक्त हैः सीएम योगी

लखनऊ
हमारे संवाददाता

राजधानी लखनऊ के डालीबाग के जियामऊ के एकता वन में आयोजित कार्यक्रम में लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित सरदार वल्लभ भाई पटेल आवासीय योजना का लोकार्पण किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एलडीए के बनाए हुए फ्लैट की चाबी आवंटियों को सौंपी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 के पहले माफिया गरीबों की जमीन पर कब्जा कर लेते थे। डीजीपी आवास के पास अपनी कोठियां बनवाते थे और कोई कुछ नहीं कर पाता था पर अब माफियाओं की कब्जा की गई जमीन पर गरीबों के लिए घर बन रहा है। हम इसी तरह माफियाओं की जमीन पर गरीबों के आवास बनवाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश माफियाओं से मुक्त है। यही कारण है कि प्रदेश विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। प्रदेश के माफिया मुक्त होने से युवाओं की असीमित क्षमता का विस्तार हो रहा है। ये माफिया समाज के विकास में सबसे बड़े बैरियर हैं। अपने घर का मालिक बनकर लाभार्थियों ने खुशी जताई और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया। लाभार्थी शिखा अग्रवाल ने कहा कि मैं प्रयागराज से हूं। लखनऊ में 12 साल से रह रही हूं।

## आरोपः हरियाणा में 25 लाख वोट चोरी हुएः राहुल गांधी

नई दिल्ली
एजेंसी

राहुल गांधी ने एक मतदाता का उदाहरण देते हुए कहा कि डालचंद नामक व्यक्ति यूपी में भी वोटर हैं, हरियाणा में भी वोटर है। उनका बेटा भी हरियाणा में भी वोटर है, यूपी में भी वोट करता है। ऐसे हजारों की तादाद में लोग हैं। मथुरा के सरपंच प्रह्लाद का नाम भी हरियाणा में कई जगह वोटर लिस्ट में है।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय कांग्रेस समिति (एआईसीसी) के मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल गांधी ने वोट चोरी के अपने आरोप दोहराए और अपने दावे के पक्ष में बातें बताईं।



राहुल गांधी ने मतदाताओं के फर्जी फोटो और फर्जी मकान के पतों पर सवाल उठाए। इससे पहले राहुल गांधी ने एक सितंबर को भाजपा को चेतावनी देते हुए कहा था कि वह जल्द ही वोट चोरी' से जुड़ा हाइड्रोजन बम फोड़ेंगे, जबकि महादेवपुरा से जुड़ा खुलासा तो केवल एटम बम था। वोटर अधिकार यात्रा अंतिम दिन एक सभा को संबोधित करते हुए गांधी ने भाजपा पर तीखा हमला बोला था और कहा था कि जिन ताकतों ने महात्मा गांधी की हत्या की, वही अब भारत के संविधान को नष्ट करने की कोशिश कर रही हैं।

कांग्रेस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के एजेंडे की आधिकारिक जानकारी नहीं दी है, लेकिन पार्टी सूत्रों का कहना है कि गांधी अपने पहले के आरोपों को लेकर विस्तार से बात कर सकते हैं।

राहुल गांधी ने कहा कि हमारे पास फाइल्स हैं और यह इस बारे में है कि कैसे एक पूरा राज्य चुरा लिया गया है। हमें शक है कि यह सिर्फ अलग-अलग सीटों पर नहीं हो रहा है, बल्कि राज्य और नेशनल लेवल पर हो रहा है। हमें हरियाणा में अपने उम्मीदवारों से बहुत सारी शिकायतें मिलीं कि कुछ गड़बड़ है। हमने ऐसा मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र में भी अनुभव किया था, लेकिन हमने हरियाणा पर फोकस किया कि वहां क्या हुआ था, उसकी पूरी जानकारी लेने का फैसला किया।

# दीक्षांत समारोह में 16 हजार 183 विद्यार्थियों को बांटी उपाधियां

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विवि के कुलपति प्रो.दीवान सिंह रावत ने कहा कि दीक्षांत समारोह में कुल 16,183 विद्यार्थियों को उपाधियों के साथ ही 3 विद्वानों को डीलिट् की उपाधि तथा 250 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। कुल 89 विद्यार्थियों को पदक प्रदान किए गए जिनमें 78.5 प्रतिशत पदक छात्राओं ने प्राप्त किए। राष्टपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पदक प्रदान किए।

दीक्षांत समारोह के दौरान पदक प्राप्त करने वालों में प्रमुख रूप से अदिति गोयल, अपर्णा जोशी, हर्ष तिवारी, हर्षित जोशी, हर्षिता कबडियाल, हर्षिता सकसेना, हिमानी चौसाली, खुशी देवाल, खुशी खाती, लवली नेगी, मीतू गोयल, नेहा डोबाल, निखिल बिष्ट, निकिता सिंह, पूजा बिष्ट, प्रियंका रावत तथा राशि उप्रेती और रेनू नेगी शामिल रही।इन विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से




विश्वविद्यालय और प्रदेश का गौरव बढ़ाया। दीक्षांत समारोह के अंत में कुविवि के कुलसचिव डॉ. एम. एस. मंद्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। उन्होंने राष्टपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू, राज्यपाल ले. जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) तथा उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत समेत सभी अतिथियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों और मीडिया प्रतिनिधियों का ह्रदय से आभार जताया।समारोह के सफ ल आयोजन में प्रो.नीता बोरा शर्मा, प्रो. संजय पंत, प्रो. ललित तिवारी, प्रो. रीतेश साह, प्रो. महेन्द्र सिंह राणा, डॉ. गगनदीप होठी, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. निधि, डॉ. मोहित रौतेला, डॉ. पूरन अधिकारी, डॉ. दीपक मेलकानी, डॉ. ह्रदेश, डॉ मनोज सिंह बिष्ट तथा डॉ. भूमिका गुरुजनों आदि का विशेष योगदान रहा।कार्यक्रम का संचालन प्रो. दिव्या उपाध्याय जोशी ने किया।

## दीक्षांत समारोह में यह रहे मौजूद

दीक्षांत समारोह में प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट (कुलपति एसएसजे विश्वविद्यालय अल्मोड़ा), प्रो. एन. के. जोशी (कुलपति श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय नई टिहरी), प्रो. नवीन चन्द्र लोहनी (कुलपति उत्तराखण्ड मुकत विश्वविद्यालय हल्द्वानी) समेत दीपक रावत (आयुकत कुमाऊँ मंडल), श्रीमती ऋद्धिम अग्रवाल (पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊँ), प्रो. विश्वनाथ खली (निदेशक उच्च शिक्षा उत्तराखण्ड) तथा पद्मश्री अनूप साह सहित अनेक गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति ने समारोह की गरिमा को और बढ़ाया।





# लेक्स इन्टरनेशनल स्कूल में मनायी गई गुरु नानक जयंती

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

लेक्स इन्टरनेशनल स्कूल, भीमताल में गुरु नानक जयंती विधि विधान के साथ मनाई गई। प्रात: काल विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री एस0एस0नेगी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। विद्यालय के सामाजिक विषय के शिक्षक अरुण दास द्वारा गुरु नानक के जीवन दर्शन, उनके कार्यों पर अंग्रेजी में तथा कक्षा 8वीं के छात्र आरुष नेगी द्वारा हिन्दी में गुरु नानक देव को स्मरण किया गया। उसके बाद कक्षा 12वीं की छात्राएँ क्रमश: पल्लवी चौहान, काजल वर्मा और खुशनूर राजपाल द्वारा मूल मंत्र %इक्क ओंकार सतनाम% का पाठ किया गया। इसी क्रम में कक्षा 6 से 12वीं तक के विद्यार्थियों द्वारा एक गीत और खुशनूर राजपाल द्वारा अरदास प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय के प्रधानाचार्य / निदेशक श्री एस0एस0नेगी द्वारा गुरु नानक जयंती और कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों और अभिभावकों को शुभकामनाएँ और बधाई प्रेषित की गई और सभी विद्यार्थियों से धर्म के मूल विषय मानव धर्म तक पहुँचने और सभी धर्मों का जो एकमात्र सार तत्व है मिलकर, एकता के साथ रहना, उसे समझने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अवसर पर विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी और अभिभावक उपस्थित थे। संचालन कक्षा 12वीं की छात्रा पल्लवी सिंह चौहान द्वारा किया गया।

# विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व, पर्यावरणीय चेतना व अनुसंधान की भावना विकसित करना विवि का ध्येय

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विवि नैनीताल के दीक्षांत समारोह में विवि के कुलपति प्रो. दिवान सिंह रावत ने कहा कि विश्वविद्यालय का ध्येय केवल ज्ञान प्रदान करना नहीं बल्कि विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व, पर्यावरणीय चेतना और अनुसंधान की भावना विकसित करना है।

उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय समेलनों में भाग लेने के लिए वित्तीय सहायता, इंटर्नशिप योजनाएँ तथा अनाथ विद्यार्थियों के लिए नि:शुल्क शिक्षा, तथा निन्शुल्क एसएसबी प्रशिक्षण और ई.बुकस सुविधा जैसी पहलें प्रारंभ की हैं।उन्होंने आधारभूत ढांचे के आधुनिकीकरण पर विशेष बल दिया गया है दोनों परिसरों में 10 नई इमारतों का निर्माण हो रहा है तथा 788 किलोवाट सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया गया है। विश्वविद्यालय में चार स्किल सेंटर, एनसीएसी कैडेट्स के लिए रोइंग बोट सियुलेटर तथा दो इंडोर फायरिंग रेंज भी विकसित की गई हैं।

## 6 व 7 नवंबर को अवकाश घोषित: कुलसचिव



कुमाऊं विवि के कुलसचिव डा.एम.एस.मंद्रवाल के मुताबिक विवि के 20वें दीक्षांत समारोह के आयोजन के चलते बीते 1 व 2 नवंबर को कुविवि का प्रशासनिक भवन व परिसरों के सभी कार्यालय तथा विभाग खोले गए थे। दीक्षांत समारोह के सफल आयोजन के बाद अवकाशों में हुए विवि के कार्यो के एवज में विवि के प्रशासनिक भवन समेत डीएसबी परिसर तथा जेसीबोस तकनीकी परिसर भीमताल में 6 व 7 नवंबर को अवकाश घोषित किया जा रहा है।

## NEWS / फटाफट

### निचली अदालत से सजा पाए आरोपी की जमानत मंजूर

**नैनीताल** । उत्तराखंड हाईकोर्ट ने लूट व हत्या के जुर्म में निचली अदालत से सजा पाए आरोपी की जमानत मंजूर कर ली है । मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति आलोक वर्मा की एकलपीठ में हुई। मामले के अनुसार वर्ष 2012 में विकासनगर (देहरादून) में हुई लूट व हत्या के जुर्म में बिजनौर निवासी आसिफ उर्फ सलीम को अपर जिला जज विकास नगर की अदालत ने 2019 में सजा सुनाई थी । इस मामले में दो अन्य भी दोषी ठहराए गए थे । तब से आरोपी जेल में है और उसकी अपील हाईकोर्ट में लंबित है। आरोपी की ओर से उनके वकील ने हाईकोर्ट में जमानत अर्जी दायर कर कहा कि उस पर लगे आरोप संदेह पर आधारित हैं । वह करीब 7 साल से जेल में है और इसी आरोप में एक अन्य व्यकति नीजाम उर्फ छोटू को एक साल पहले जमानत मिल चुकी है । वह बिजनौर का रहने वाला है इसलिये वह जमानत का दुरुपयोग नहीं कर सकता है । इन तथ्यों के आधार पर हाईकोर्ट ने आरोपी की जमानत स्वीकार कर ली ।

### ग्राम परबड़ा में पशु प्रदर्शनी का सफल आयोजन

**नैनीताल/धारी** । उत्तराखंड राज्य स्थापना रजत जयंती समारोह के अवसर पर विकासखण्ड धारी के ग्राम परबड़ा में पशुपालन विभाग द्वारा एकदिवसीय पशु प्रदर्शनी का सफल आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में क्षेत्र के 40 पशुपालकों के लगभग 55 पशुओं ने प्रतिभाग किया। प्रदर्शनी में भ्भयूराज सिंह बिष्ट की संकर गाय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए श्चैमपियन पशु का खिताब जीता। इसके साथ ही भ्भयूराज सिंह समेत तारा देवी, श्रीमती कमला देवी एवं नर सिंह के पशुओं ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। कार्यक्रम में डा0 रिजवाना एवं डा0 पूजा जोशी ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रदर्शनी की अध्यक्षता ग्राम प्रधान भगवती देवी द्वारा की गई। इस अवसर पर डेयरी अध्यक्ष थान सिंह एवं सचिव हरेंद्र सिंह ने पशुपालकों को पशु बीमा, टीकाकरण एवं पशु स्वास्थ्य संरक्षण योजनाओं की जानकारी दी।प्रदर्शनी के संचालन की जिमेदारी डा0 ए0के0 रावत वरिष्ठ पशुचिकित्सा अधिकारी ने निभाई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में अनिल कुमार, नवराज, आशा तथा नेहा वर्मा एवं मोहन सिंह का सक्रिय सहयोग रहा।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# कुमाऊं विवि के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति के हाथों पदक पाने वाले मेधावियों में खुशी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विवि नैनीताल के मंगलवार को आयोजित 20वें दीक्षांत समारोह में विभिन्न विषयों में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों उपाधि हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं में खुशी का माहौल नजर आया। छात्र-छात्राओं ने वार्ता के दौरान अपनी भविष्य के बारे में बताया।

डीएसबी परिसर नैनीताल की बीएससी एग्रीकल्चर की खुशी देवल ने बताया कि उन्होंने दो गोल्ड मेडल, वायस चांसलर गोल्ड मैडल और गौरा देवी गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। खुशी उत्तराखंड की रुद्रपुर की निवासी हैं, वह भविष्य में सिविल सर्विसेज में अपना कैरियर बनाना चाहती हैं। डीएसबी परिसर की राशि उप्रेती ने बताया कि उन्हें अर्थशास्त्र में वॉयस चांसलर गोल्ड मैडल मिला है और वह भविष्य में गवर्नमेंट एग्जाम की तैयारी करना चाहती हैं। डीएसबी परिसर की ही हिमानी चौसाला ने बताया कि









उन्होंने बीएससी एग्रीकल्चर में दो गोल्ड मैडल, वायस चांसलर गोल्ड मैडल व सीतारमन जिंदल गोल्ड मैडल प्राप्त किए हैं। हिमानी आगे चलकर पीएचडी करना चाहती हैं।

चाणकय लॉ की मीतू गोयल ने बताया कि उन्हें एलएलबी में तीन गोल्ड मैडेल ,वायस चांसलर गोल्ड मैडेल तथा गौरा देवी व ठाकूर इंदर सिंह नयाल गोल्ड मैडेल से नवाजा गया है। राष्ट्रपति से मैडेल प्राप्त कर उन्हें बेहद खुशी हो रही है। वह भविष्य में अधिवकता बनना चाहती है। पिथौरागढ़ की अपर्णा जोशी ने बताया कि राष्ट्रपति से गोल्ड मैडल प्राप्त करना उनके जीवन का सबसे गौवान्वित पल है। वह कुविवि की बीएड किया है, उन्हें तीन गोल्ड मैडेल, वायस चासंलर गोल्ड मैडल, गौरा देवी गोल्ड मैडल और कमला देवी गोल्ड मैडल मिले हैं। उनकी माता व पिता दोनों ही शिक्षक हैं वह भी भविष्य में शिक्षक बनना चाहती है। डीएसबी परिसर नैनीताल की हर्षिता सक्सेना ने बताया कि उन्हें एमएससी रसायन विज्ञान में दो गोल्ड मैडेल मिले है जिसमें वायस चांसलर गोल्ड व गंगा बिष्ट स्मृति गोल्ड मैडल शामिल हैं, हर्षिता के पिता बिजनेस मैन व माता शिक्षिका हैं वह भविष्य में शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करना चाहती हैं।डीएसबी परिसर नैनीताल के हर्षित तिवारी ने बताया की मुझे बहुत खुशी है कि राष्ट्रपति से गोल्ड मैडेल प्राप्त किया, उन्हें पत्रकारिता में दो गोल्ड मैडेल स्वर्गीय मुरारीलाल माहेश्वारी स्मृति गोल्ड मैडेल व वायसचांसलर गोल्ड मैडेल मिला है। पत्रकारिता विभाग को पहली बार वायस चांसलर गोल्ड मैडल मिला





है, हर्षित के माता-पिता बिजनेस मैन हैं वह आगे जाकर पत्रकारिता में पीएचडी करना चाहते हैं।

# अभिमत

## देवता का धन

***धन के दुरुपयोग की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। मंदिरों की प्रबंध समितियों में राजनीतिक दलों के नेताओं को पदाधिकारी बना दिया जाता है। धर्म के नाम पर दान का उद्देश्य मानव कल्याण के लिए होना चाहिए। उत्तराखंड के चारधाम में ही हर साल लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। सोना-चांदी, नकद के रूप में करोड़ों का धन मंदिरों के पास है। धर्म स्थलों के निकट स्थित पर्वतीय क्षेत्र के लोगों के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, पेयजल आदि की सुविधा पर मंदिर की प्रबंध समिति को दान के धन के सदुपयोग से देवता प्रसन्न होंगे।***

मंदिरों में दान से प्राप्त धन और चढ़ावे को लेकर प्रश्न उठते रहे हैं। हिमाचल हाईकोर्ट ने ऐतिहासिक फैसले में धन के सदुपयोग का निर्देश दिया है। मंदिर के धन का उपयोग शैक्षणिक प्रचार-प्रसार, कर्मकांड, सामाजिक सुधार और तीर्थयात्रियों के कल्याण के लिए किया जाना चाहिए। दान और चढ़ावे का उपयोग सार्वजनिक भवनों, पुलों, सड़कों आदि के निर्माण में नहीं होना चाहिए। मंदिर में आने वाले वीआईपी के सम्मान में भी धन खर्च नहीं किया जाना चाहिए। धन देवता का है, सरकार का नहीं। ट्रस्टी केवल संरक्षक है और मंदिर के धन का दुरुपयोग आपराधिक विश्वासघात है। भक्त मंदिर को इस विश्वास के साथ दान देते हैं कि इससे मंदिर का रखरखाव होगा तथा सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार किया जायेगा। यदि सरकार इस चढ़ावे को अपने अधिकार में लेती है तो भक्तों के विश्वास पर आधात करती है। दान के धन का दुरुपयोग धार्मिक स्वतंत्रता और संस्थागत पवित्रता के मूल पर प्रहार है। उच्च न्यायालय के आदेश का हर मंदिर में पालन होने से विवाद उत्पन्न नहीं होगा। अधिकतर मंदिरों में प्रबंधन दान का उपयोग स्वयं करते हैं। समस्या तब उत्पन्न होती है जब सरकार दबाव डालती है कि मंदिर का चढ़ावा उसे दिया जाये। सरकार को अपने बजट से मंदिरों की सड़कों आदि की सुविधा का विस्तार करना चाहिए। देश के नागरिकों से टैक्स के रूप में प्राप्त धन सार्वजनिक ढांचे पर खर्च किया जाना चाहिए। यह मामला हाईकोर्ट तक इसलिए पहुंचा क्योंकि बहुत से बड़े मंदिर सरकार के नियंत्रण में हैं। धन के दुरुपयोग की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। मंदिरों की प्रबंध समितियों में राजनीतिक दलों के नेताओं को पदाधिकारी बना दिया जाता है। धर्म के नाम पर दान का उद्देश्य मानव कल्याण के लिए होना चाहिए। उत्तराखंड के चारधाम में ही हर साल लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। सोना-चांदी, नकद के रूप में करोड़ों का धन मंदिरों के पास है। धर्म स्थलों के निकट स्थित पर्वतीय क्षेत्र के लोगों के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, पेयजल आदि की सुविधा पर मंदिर की प्रबंध समिति को दान के धन के सदुपयोग से देवता प्रसन्न होंगे। पर्वतीय क्षेत्र में शिक्षा, चिकित्सा और सड़क नहीं होने से पलायन हो रहा है। पहाड़ के सैकड़ों गांव वीरान हो गये हैं। उत्तराखंड को देवभूमि कहा जाता है, यहां जगह-जगह मंदिर हैं। चारधाम के अलावा अनेक धर्म स्थलों में श्रद्धालु पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं के दान से पूरी देवभूमि को विकसित किया जा सकता है। धन की कमी नहीं है, बल्कि सदुपयोग की जरूरत है।

# घोड़ाखाल के कैडेट्स के दल को भारत की राष्ट्रपति मुर्मु से मिलने का अवसर



**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

एक अत्यंत गौरवपूर्ण एवं सम्मानजनक क्षण में सैनिक स्कूल घोड़ाखाल के कैडेट्स के एक दल को भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से उनकी उत्तराखंड यात्रा के दौरान मिलने का अवसर प्राप्त हुआ। यह मुलाकात स्कूल के हीरक जयंती समारोह का एक महत्वपूर्ण भाग रहा।

सैनिक स्कूल घोड़ाखाल जो देश का 15वाँ सैनिक स्कूल है और उत्तराखंड का एकमात्र सैनिक स्कूल है। 1966 में स्थापित किया गया था। यह विद्यालय भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय द्वारा स्थापित किया गया है और सैनिक स्कूल्स सोसाइटी के अधीन कार्य करता है। यह विद्यालय उन युवा विद्यार्थियों का स्वप्न स्थल है जो राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एन डी ए) में प्रवेश का लक्ष्य रखते हैं। सैनिक स्कूल घोड़ाखाल अब तक 10 बार रक्षा मंत्री ट्रॉफी प्राप्त कर चुका है। सैनिक स्कूल घोड़ाखाल के कैडेट्स की भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से हुई यह भेंट विद्यालय की गौरवशाली यात्रा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में दर्ज हुई है। पिछले साठ वर्षों से यह संस्थान देश के भावी नेतृत्वकर्ताओं को गढ़ने में अग्रणी रहा है। कैडेट्स के साथ विद्यालय के प्राचार्य ग्रुप कैप्टन विजय सिंह डंगवाल व शिक्षकगण भी उपस्थित थे। यह अवसर सम्पूर्ण घोड़ाखाल के लिए गर्व और प्रेरणा का स्रोत बना। भारतीय सशस्त्र बलों की सर्वोच्च सेनानायक से हुई यह भेंट कैडेट्स की स्मृतियों में सदैव अंकित रहेगी और उन्हें राष्ट्र सेवा में और ऊँचाइयाँ प्राप्त करने के लिए प्रेरित करती रहेगी।

## हाईकोर्ट ने दिया आरोपी को तत्काल रिहा करने का आदेश

**नैनीताल** । उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नाबालिग किशोरी के साथ दुराचार करने के आरोपी के खिलाफ स्पेशल जज पाकसो/जिला एवं सत्र न्यायाधीश टिहरी गढ़वाल द्वारा पारित दोषसिद्धि के फैसले को रद्द कर दिया है और आरोपी को तत्काल रिहा करने का आदेश दिया है ।

अपीलकर्ता कृष्णा उर्फ बासु को निचली अदालत ने भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (3)और 506 के साथ पाकसो अधिनियम2012 के तहत दोषी ठहराया था। जिसे उसने मुखय न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ में चुनौती दी थी । इस मामले में खण्डपीठ ने सुनवाई पूरी कर 30 अगस्तए 2025 को फैसला सुरक्षित रख लिया था और 3 नवंबर 2025 को अपना फैसला सुनाया। कोर्ट ने अपने विस्तृत विश्लेषण में यह निष्कर्ष निकाला कि अभियोजन पक्ष उचित संदेह से परे अपना मामला सिद्ध करने में पूरी तरह विफल रहा। ोर्ट ने पाया कि पूरा मामला केवल प्रवृतियों की बहुलता पर आधारित था जो किसी भी आपराधिक दोषसिद्धि को बनाए रखने के लिए अपर्याप्त है। हाई कोर्ट के सामने मुखय रूप से अभियोजन पक्ष के गवाहों के बयानों में पाए गए गंभीर विरोधाभास थे।

### सूचना

सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी पुत्री का नाम अराधिका अग्रवाल से बदलकर प्रिशिका अग्रवाल रख लिया है। अत: भविष्य में मेरी पुत्री को प्रिशिका अग्रवाल नाम से जाना पहचाना जाये। **-सलभ अग्रवाल पुत्र अरविन्द कुमार अग्रवाल, 16-34 नैनीतल रोड, सौरभ होटल के पास, भोटिया पड़ाव, हल्द्वानी ( नैनीताल )।**

### सूचना

सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम गणेश दत्त से बदलकर गणेश दत्त पन्त रख लिया है। अत: भविष्य में मुझे गणेश दत्त पन्त नाम से जाना पहचाना जाये। **-गणेश दत्त पन्त पुत्र लक्ष्मी दत्त, छड़ायल सुयाल, पो0 मानपुर पश्चिम, हल्द्वानी ( नैनीताल )।**

## कुमाऊं राफ्टिंग व कयाकिंग एसोसिएशन ने सौंपा डीएम को ज्ञापन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



कुमाऊं राफ्टिंग व कयाकिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में जिलाधिकारी पिथौरागढ़ आशीष भटनई को पौधारोपण अभियान के 477 वें दिन एक पौधा धरती मां के नाम के तहत पौधा देकर स्वागत किया साथ ही ऐसोसिएशन के द्वारा ज्ञापन दिया गया।

दिनेश गुरुरानी ने कहा कि जनपद में रीवर राफ्टिंग की अपार संभावनाएं हैं जिसको देखते हुए काली नदी में जौलजीवी से हंसेश्वर एवं झुलाघाट में तालेश्वर से बलतड़ी तक राफ्टिंग के साथ नेपाल दर्शन कार्यक्रम चलाए जाने की अनुमति मांगी गई ।

उन्होंने कहा कि जनपद में पर्यटकों की आवाजाही को देखते हुए व आदि कैलाश यात्रा में यात्रियों की संखया को देखते हुए यात्रियों व पर्यटकों को राफटिंग के साथ नेपाल दर्शन योजना के तहत जोडकर जनपद में काम करने वाली कंपनियों को जहां आर्थिक लाभ होगा वहीं राफटिंग क्षेत्र में पढने वाले ग्रामीणों को भी आर्थिक लाभ होगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2008 में जौलजीवी में राष्ट्रीय स्तर की चैंपियनशिप कराई जा चुकी है। उन्होंने कहा कि सरकार साहसिक पर्यटन को बढ़ावा दे रही है ।

इसी क्रम में यह योजना लाभप्रद होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि वह अपनी तरफ से पूर्ण प्रयास करेंगे। ज्ञापन देने वालों में संगठन के महासचिव मनोहर सिंह ऐरी उपस्थित रहे। इधर दिनेश गुरुरानी ने नित्य की भांति पौधारोपण अभियान के 477वें दिन अपने पिताजी स्वर्गीय तारा दत्त गुरुरानी की स्मृति में स्मृति पौध लगाया।

दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उत्तराखंड पर्यटन विभाग द्वारा हिमानी एडवेंचर के माध्यम से 9 नवंबर व 14 नवंबर से जोलजीवी में गोरी व काली नदी में अनुसूचित जाति के छात्र छात्राओं को रिवर राफ्टिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा जिस हेतु विद्यालय में अध्यनरत छात्र छात्राएं अपने विद्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

# फिल्मी दुनिया

## शाहरुख खान ने बेटी सुहाना को दी एक खास सलाह





*सुहाना खान ने 2 नवंबर को एक इंस्टाग्राम पोस्ट शेयर करते हुए अपने पापा और बॉलीवुड के किंग शाहरुख को बर्थ डे विश दी। सुहाना खान ने शाहरुख खान को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए बिल्कुल अलग अंदाज में बधाई दी थी। इस पोस्ट में जो फोटो शेयर की गई, उसमें दो कॉफी कप रखे हैं, एक पर किंग और दूसरे पर किंग प्रिंसेस लिखा है। इसके जरिए सुहाना ने अपने पापा को किंग और खुद को उनकी प्रिंसेस कहा है। अब बर्थ डे की इस पोस्ट पर शाहरुख ने भी कमेंट किया है। सुहाना को मजेदार ढंग से रिप्लाई दिया, साथ ही एक सलाह भी दी डाली। शाहरुख ने सुहाना की पोस्ट पर रिप्लाई करते हुए लिखा, 'लव यू बेबी। लेकिन ब्लैक कॉफी कम करो, प्लीज। तुम अभी छोटी हो।' ऐसा लगता है कि सुहाना को ब्लैक कॉफी का शौक और शाहरुख चाहते हैं कि वह इसको ज्यादा ना पिएं।*

### सुहाना खान के अपकमिंग प्रोजेक्ट

*सुहाना खान की बात करें तो वह शाहरुख खान की अपकमिंग फिल्म 'किंग' में एक्टिंग करने वाली है। यह एक एक्शन ड्रामा फिल्म होने वाली है। फिल्म में शाहरुख, सुहाना के अलावा अभिषेक बच्चन भी होंगे। फैंस भी शाहरुख खान की फिल्म 'किंग' को लेकर एक्साइटेड हैं। शाहरुख खान के जन्मदिन पर 'किंग' फिल्म का टीजर भी रिलीज हो चुका। इसमें शाहरुख का एक्शन अंदाज देखने को मिला है।*

## डीएम समेत अन्य अफसरों की रिपोर्ट से हाईकोर्ट नहीं हुआ संतुष्ट

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

**सुनवाई**

- **मामले में हाईकोर्ट ने कहा-24 नवंबर से पहले कोर्ट में पेश करें रिपोर्ट**

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने गोमुख से उत्तरकाशी तक भागीरथी ईको सेंसटिव जोन में एनजीटी के निर्देशों के विपरीत अवैध होटल और रिसॉर्ट बनाने की अनुमति दिये जाने के मामले पर सुनवाई की । मामले की सुनवाई के बाद मुखय न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ में मंगलवार को भी जिलाधिकारी उत्तरकाशी सहित सिचाई विभाग के अधिकारी व्यकितगत रूप से कोर्ट मे मौजूद रहे।

उनके द्वारा पेश की गयी रिकार्ड से कोर्ट मंगलवार को भी संतुष्ट नहीं हुआ जिसपर कोर्ट ने उनसे कहा है की पूर्व में दिए गए आदेश का कितना अनुपालन हुआ है, उसकी रिपोर्ट 24 नंबर (सोमवार) से पहले कोर्ट मे पेश करें। पूर्व में सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा था कि इको सेन्सटिव जोन में कितने व्यवसायिक निर्माण कार्य हुए हैं उनकी ड्रोन के सहारे से नई विडिओ ग्राफ ी करके रिपोर्ट पेश करें जो अभी तक पेश नहीं कि गई साथ में कोर्ट ने यह भी कहा था कि फ ल्ड जोन में आने वाले अवैध निर्माण कार्यों कि भी विडियोग्राफी करके उसको भी पेश करें जिसका सर्वे अभी तक नहीं किया गया जिसको पेश करने के लिए कोर्ट ने उन्हें अतिरिकत समय देते हुए 24 नंबर से पहले रिपोर्ट पेश करने को कहा है।

बता दें कि मंगलवार को हुई सुनवाई पर डीएम उत्तरकाशी सहित कई अन्य अधिकारी कोर्ट में उपस्थित हुए। उनके द्वारा कोर्ट में पेश किए गए रिकार्ड से कोर्ट मंगलवार को भी सन्तुष्ट नहीं हुआ जिस पर कोर्ट ने पूर्व के आदेश कि अनुपालन रिपोर्ट पेश करने को कहा है।

News कॉर्नर

## बल्दियाखान के समीप पहाड़ी से गिर रहे पत्थर

नैनीताल । नैनीताल -काठगोदाम रोड पर बल्दियाखान के समीप बरसात में भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र से पत्थर और मिट्टी सड़क पर गिरने लगी है। आवाजाही करने वाले कई लोग गिरते पत्थरों से बाल-बाल बचे हैं। पहाड़ी से गिरते मिट्टी व पत्थर आवाजाही करने वालों के लिए खतरा बने हुए हैं। बता दें कि बीती बरसात में नैनीताल काठगोदाम रोड पर बल्दियाखान और रूसी बाइपास के बीच पहाड़ी में भूस्खलन के चलते सड़क पर मलबा गिर गया था। मलबा गिरने के दौरान एक कार भी चपेट में आई थी। विभाग ने सड़क से मलबा हटाकर आवाजाही सुचारू कर दी थी। लेकिन उसके बाद भी लगातार पहाड़ी से मिट्टी बालू की तरह सड़क पर गिर रहे है। वहीं कई बार पत्थर भी गिर रहे हैं।

## गंगनाथ मंदिर में सुंदरकांड व भजन कीर्तन से माहौल बना भक्तिमय

नैनीताल। नगर के प्रतिष्ठित व प्राचीन श्री गंगनाथ जी के मंदिर( प्राणी उद्यान के पीछे स्थित) में मंगलवार को प्रात:11 बजे से सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान श्रीराम एवं हनुमान जी की स्तुति की। सुंदरकांड पाठ के पश्चात वैकुंठ चतुर्दशी के पावन अवसर पर संध्या 6 बजे तक भजन.कीर्तन का आयोजन किया गया। भजन मंडली में श्रद्धालु भकतों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया जिनमें विशेष रूप से श्रीमती माया पांडे, मंजू बिष्ट, तुलसी बिष्ट, कमला बिष्ट, ममता अधिकारी, हेमा भाकुनी, मनीषा जोशी, ममता पंत, रमा पंत, मंजू पंत, रीना मेहरा, राधा, विमला, नीमा, श्री अरविंद पाटिल एवं श्री घनश्याम ओली (हारमोनियम वादक) सहित अनेक भकतजनों का सहयोग रहा। कार्यक्रम के समापन पर सभी भकतजनों को प्रसाद वितरित किया ।

# अपना घर जमीन बचाने और मूलभूत सुविधाओं को बहाल करने के लिए धरना प्रदर्शन 80 वें दिन भी रहा जारी

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

बागजाला को मालिकाना अधिकार देने, निर्माण कार्यो पर लगी रोक हटाने, पंचायत चुनाव के अधिकार को बहाल करने, विकास कार्य शुरू करने, पेयजल योजना चालू करने समेत 8 सूत्री मांगों पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन 80 वें दिन भी जारी रहा ।

80 वें दिन के धरना प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला की अध्यक्षा डा. उर्मिला रेंशवाल ने कहा हमारा संगठन गरीब मेहनतकश किसानों मजदूरों का संगठन है इसलिए बागजाला का किसान संगठन गाँव के घर जमीन को बचाने



के लिए ग्रामीणों की ताकत के बल पर सरकार के उजाड़ने के षड्यंत्र के खिलाफ आन्दोलन कर रहा है उन्होंने कहा आन्दोलन किसी भी ग्रामीण के खिलाफ नहीं है उन्होंने कहा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के आज 80 दिन हो जाने पर भी हमारी चुनी गई सरकार जिसके विधायक से लेकर मुख्यमंत्री तक, और हमारा प्रशासन जिसमें उपजिलाधिकारी से लेकर कमिश्नर तक को समस्याओं का समाधान करने के लिए ज्ञापन देकर और सीधे सम्पर्क कर अनुरोध किया गया है इसके बावजूद इनके द्वारा जनता की पीड़ा को अनदेखा करने की हम निंदा करते हैं और निर्माण कार्यों पर लगी रोक हटाने के लिए 07 नवम्बर 2025 को डीएफओ कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया जायेगा ।

80 वें दिन के धरना प्रदर्शन को अखिल भारतीय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनन्द सिंह नेगी, राकेश कुमार, मो. परवेज, हेमलता, हेमा आर्या, पंकज चौहान, चन्दन सिंह मटियाली आदि ने भी सम्बोधित किया। 80 वें दिन के धरना प्रदर्शन में हरक सिंह बिष्ट, भोला सिंह, दिनेश चंद्र, कल्लू प्रजापति, दौलत सिंह, आनंद सिंह नेगी, पुष्प देवी, सुनीता देवी, हेमा देवी, शिवम कुमार टम्टा, पंकज चौहान, रेवाधर, वेद प्रकाश, हेमा देवी, लीला देवी, सुनीता, अनिता, देवी, रेखा रानी, केसी चंदोला, राकेश कुमार, डॉक्टर उर्मिला रेशवाल, दिव्या आर्या, दीपिका, महेश राम, ललित कुमार, माया, हरी गिरी, भगवती देवी, दीवान सिंह बर्गली, शोभा, सावित्ता देवी, हेमा देवी, सुनीता देवी, हेमलता, गोपाल सिंह बिष्ट, चंदन सिंह मटियाली, रेशमा, चंद्र प्रकाश, मकसूद, जस राम, शांति देवी, चंपा देवी, मो.परवेज, बिमला देवी, मारूफ अली, चंपा देवी, तुलसी देवी, सोहन लाल, रूखसार, खैरूल निशा, शकीला, इरफान आदि मौजूद रहे सभा का संचालन किसान महासभा बागजाला के सचिव वेद प्रकाश ने किया ।

# देर रात दो बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत, दूसरा गंभीर

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

गौलापार के खेड़ा के पास दो बाइकों की आमने सामने हुई भिड़ंत में एक बाइक सवार की मौत हो गई थी पुलिस ने पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम कराकर कर उसके शव को उसके परिजनों को सौंप दिया है जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल जिंदगी ओर मौत की जंग लड़ रहा है।

गौरतलब है कि मूलरूप से बहेड़ी का रहने वाला अब उजाला नगर में किराए के मकान अपने परिवार के साथ रह रहा था। असलम सैफी और नासिर की खेड़ा में फर्नीचर की दुकान है। दुकान बंद कर वह घर की ओर लौट रहे थे। तभी उन्हें याद आया क वह हेतमेट दुकान पर ही भूल आए हैं। जब वह वापस लौट रहे थे, तभी विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार बाइक सवार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें असलम सैफी पुत्र शकूर अहमद की मौके पर ही मौत हो गई जबकि नासिर



मृतक की फाइल फोटो।



गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि दोनों आपस में रिश्ते के भाई है। नासिर को उपचार के लिए एसटीएच में भर्ती कराया गया है। जबकि दूसरे बाइक सवार को हल्की फुल्की चोट आई है। असलम की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही खेड़ा चौकी प्रभारी रवीन्द्र राणा ने बताया कि बाइक सवार मौके से फरार हो गया हादसा करीब 7 बजे शाम हुआ है । तब से ही बाईक सवार का पता लगाने के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरे खाना ले जा रहे हैं जल्द ही बाइक सवार पुलिस की गिरफ्तार में होगा राणा का कहना है कि असलम सैफी कापोस्टमार्टम करा कर उसके शव को उसके परिजनों को सौंप दिया है और बाइक सवार की तलाश की जा रही है टिहरी रहने पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# तहसील दिवस का आयोजन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

तहसीलदार की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन हुआ तहसील दिवस में पूर्व सभासद के साथ इंदिरा नगर की आने को महिलाओं पुरुष में अपनी अपनी शिकायतें दर्ज कराई।

पूर्व सभासद ने इंदिरा नगर की सफाई व्यवस्था इंदिरा नगर की खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों को ठीक करने के अलावा कई महिला व पुरुषों की पेंशन रुकने की शिकायत दर्ज कराई। पूर्व सभासद शकील सलमानी ने इंदिरा नगर में सिविल लाइन बिछाने की मांग रखी। इंदिरा नगर में जगह-जगह टूटी पेयजल की लाइनों की मरम्मत करने की मांग रखी सलमानी ने इंदिरा नगर की टूटी सड़कों व पुलियों का निर्माण करने की मांग रखी वही समाज सेवी हेमंत साहू ने भी राजपुरा छेत्र की समस्याओं से तहसीलदार को अवगत करवाया।

तहसील दिवस में पार्षद मनोज जोशी , पार्षद रोहित कुमार , मुकुल बाल्टियां , समाजसेवी तौफीक अहमद ने कई जन समस्याएं उठाई इस अवसर पर तहसीलदार हल्द्वानी ने तहसील दिवस की अध्यक्षता करते हुए पार्षदों को आश्वासन दिलाया कि उनकी जो भी समस्या हैं उनके क्षेत्र की उसको जल्द से जल्द हल करने का प्रयास करेंगे।



# सिरोली कला में नगर पालिका का चुनाव मामले में राज्य सरकार लिए गए निर्णय के आधार पर अपना जवाब पेश करें : कोर्ट

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने ऊधम सिंह नगर के किच्छा स्थित सिरोली कला में नगर पालिका का चुनाव अब तक राज्य सरकार के द्वारा न कराने की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट की एकल पीठ ने सरकार से पूछा है कि जब मानकों के अनुरुप पूरी प्रक्रिया एक साथ संपन्न हो गयी थी तब इसका चुनाव एक साथ क्यों नहीं कराया गया जबकि पूर्व में ही राज्य निवार्चन आयोग ने क्षेत्र का डी नोटिफिकेशन करके वोटर लिस्ट पुष्ट करके राज्य सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दी थी । उसके बाद भी उस रिपोर्ट पर कोई निर्णय राज्य सरकार के द्वारा न लिया गया। कहा कि अगली तिथि तक राज्य सरकार लिए गए निर्णय के आधार पर अपना जवाब पेश करें।

बता दें किच्छा उधम सिंह नगर के सिरोलीकलां ग्राम निवासी मोहमद याशीन सहित अन्य ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि किच्छा नगर पालिका के विस्तारीकरण वर्ष 2018 में हुआ था, जिसमें सिरौली कला, बंडिया व देवरिया व आजादनगर को बाद में शामिल किया गया था। वर्ष 2018 में ही नगर पालिका के चुनाव हुए जिसमें



सिरौलीकलां क्षेत्र में तीन वार्ड 18 से लेकर 20 तक व कुछ क्षेत्र वार्ड नं 17 को भी शामिल किया गया। फि र हटा दिया गया। बाद में कोर्ट के आदेश पर फि र शामिल कर दिया गया जबकि सिरौलीकलां नगर पालिका किच्छा में विगत 6 वर्षो से शामिल है तथा नगर पालिका द्वारा इस क्षेत्र में अभी तक लगभग 5 करोड़ के विकास कार्य किये जा चुके है। अब वर्तमान में सिरौलीकलां को किच्छा नगर पालिका से पृथक किया जा रहा है जिसका सिरौलीकलां क्षेत्रवासी विरोध करते हैं। वह चाहते हैं कि सिरौलीकला को नगर पालिका में ही रखा जाये। और उनके यहां भी अन्य नगर पालिकाओं का कार्यकाल समाप्त होने के बाद तुरंत चुनाव कराए जायँ। जबकि कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी प्रशासक पालिका कार्यभार सभालें हुए है। जिसकी वजह से उनके कई जरूरी कार्य नहीं हो पा रहे हैं।

## गांजा के साथ पकड़े गए व्यक्ति को 5 साल के कठोर कारावास 10 हजार अर्थदण्ड

नैनीताल । प्रथम अपर जिला जज/विशेष न्यायाधीश एन डी पी एस एक्ट संजीव कुमार की अदालत ने 2.76 किलो गांजा के साथ पकड़े गए व्यक्ति को 5 साल के कठोर कारावास व 10 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है । अभियोजन पक्ष की ओर से जिला सहायक शासकीय अधिवक्ता फौजदारी पूजा साह ने कोर्ट को बताया कि खताड़ी रामनगर निवासी फैजान पुत्र जियाउद्दीन 22 जनवरी 2018 को 2.76 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार हुआ था ।

# रोड में फैली रोड़ियों पर स्कूटी चालक महिला हुई घायल

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल- काठगोदाम रोड पर घटिया स्तर के पैच कार्य में निकली रेता में रपटने से महिला स्कूटी सवार घायल हुई है। महिला ने एनएच के अधिकारियों व अधिकारियों पर खराब काम करने का आरोप लगाए हैं।

बता दें कि कुछ दिनों पूर्व ही नैनीताल काठगोदाम रोड पर एनएच विभाग की ओर से गड्डे भरने के लिए पैच कार्य कराया गया था। पैच कार्य होने के दूसरे दिन ही पैच उखड़ने लगे थे। जिसकी शिकायत लोगों ने अधिकारियों से भी की। साथ ही लोगों ने सड़क की दुर्दशा की वीडियो बनाकर सोशल मिडिया में भी डाली लेकिन एनएच के अधिकारियों ने लोगों की शिकायत पर कोई ध्यान नहीं दिया। जिसके चलते सड़कों पर कंकर बिखर गए और दो पहिया वाहनों के लिए खतरा बन गए। जिसका शिकार नैनीताल की समीपवर्ती ग्रामीण महिला को होना पड़ा। नैनीताल के समीपवर्ती नैनागांव क्षेत्र निवासी प्रतिभा बोरा ने बताया कि सोमवार की शाम को नैनीताल से घर को आते समय उनकी स्कूटी कंकरों में रपट गई। जिससे वह स्कूटी समेत सड़क पर जा गिरी। इस दौरान उनके हाथ पैर में चोट आई है। साथ ही स्कूटी भी क्षतिग्रस्त हुई है। उनका कहना है कि अगर सड़क में फैले कंकर दो पहिया वाहन सवारों के लिए खतरा बन गए हैं।

वहीं एनएच के सहायक अभियंता प्रमोद सुयाल ने बताया कि सड़क से कंकर साफ कर दिए गए हैं। काठगोदाम से लेकर नैनीताल तक सड़क पर बिखरी रेता और कंकरों को जल्द ही पूरा साफ करा लिया जाएगा।

# श्री राम सिंह मेमोरियल इंटर स्कूल वॉलीबॉल टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैंसी कॉन्वेंट स्कूल ज्योलीकोट के विशाल खेल मैदान में दो दिवसीय श्री राम सिंह मेमोरियल इंटर स्कूल वॉलीबॉल टूर्नामेंट का मंगलवार को भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह का संचालन गरिमामय माहौल में विद्यालय के निदेशक डॉ. संजय कुमार सिंह एवं प्राचार्या श्रीमती हिना मुजद्दादी द्वारा किया गया।

बता दें प्रतियोगिता में नैनीताल जनपद के प्रतिष्ठित विद्यालयों यथा नैंसी कॉन्वेंट स्कूल, द हेरिटेज स्कूल, ग्रेट मिशन पबलिक स्कूल रामनगर, सरस्वती एकेडमी हल्द्वानी, सेंट पॉल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सनबीम सीनियर सेकेंडरी स्कूल, व्हाइट हॉल स्कूल, निर्मला कॉन्वेंट, एसेंट पबलिक



स्कूल, शाइनिंग स्कूल तथा गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल की बालक एवं बालिका टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

उद्घाटन अवसर पर निदेशक डॉ. संजय कुमार सिंह ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि खेल शिक्षा का अभिन्न अंग हैं। यह न केवल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम स्पिरिट का संचार करते हैं बल्कि नेतृत्व क्षमता और संघर्षशीलता को भी निखारते हैं।श् उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ श्रेष्ठ प्रदर्शन करने का आह्वान किया।पूरे दिन मैदान में रोमांच, जोश और प्रतिस्पर्धा का माहौल बना रहा। लड़कों के साथ लड़कियों ने भी शानदार खेल कौशल और जुझारूपन का परिचय दिया। हर टीम ने जीत के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और दर्शकों ने उत्साहपूर्वक खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया।

विद्यालय के प्रबंध निदेशक इंजीनियर आईपी सिंह एवं चेयरपर्सन श्रीमती मंजू सिंह ने सभी प्रतिभागी विद्यालयों एवं खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह टूर्नामेंट स्वर्गीय श्री राम सिंह की स्मृति में आयोजित किया गया है जिन्होंने शिक्षा और अनुशासन को जीवन का मूल मंत्र माना। उनके आदर्श आज भी संस्थान के लिए प्रेरणास्रोत हैं।